मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-232
02/04/2023

# मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

- पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे, पूरी मुस्तैदी बनाए रखें।
- उपद्रवियों की पहचान कर उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई करें।
- किसी भी परिस्थिति में कोई गड़बड़ी नहीं कर पाये इस पर नजर रखें।
- विधि—व्यवस्था पूरी तरह से मेंटेन रखें।
- अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें।
- मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अविलंब वार्ता कर स्थिति की पूरी जानकारी लें।
- प्रेस वार्ता कर मीडिया को वस्तुस्थिति की जानकारी दें ताकि कोई अफवाह नहीं फैले और लोग भ्रमित न हों।
- मुख्यमंत्री ने रामनवमी जुलूस के दौरान बिहारशरीफ में हुई घटना में मृत व्यक्ति के पिता एवं भाई से दूरभाष पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्ति की और घटना की पूरी जानकारी ली।
- मुख्यमंत्री ने मृत व्यक्ति के निकटतम परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया।

पटना, 02 अप्रैल 2023 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

बैठक में मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी एवं पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्ठी ने बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे, पूरी मुस्तैदी बनाए रखें। सभी चीजों पर लगातार नजर बनाए रखें। उपद्रवियों की पहचान कर उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। किसी भी परिस्थिति में कोई गड़बड़ी नहीं कर पाए इस पर नजर रखें। विधि–व्यवस्था पूरी तरह से मेंटेन रखें। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अविलंब वार्ता कर पूरी जानकारी लें। प्रेस वार्ता कर मीडिया को वस्तुस्थिति की जानकारी दें ताकि कोई अफवाह नहीं फैले और लोग भ्रमित न हों।

मुख्यमंत्री ने पटना प्रमंडल के आयुक्त, शाहाबाद रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक, रोहतास तथा नालंदा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने रामनवमी जुलूस के दौरान बिहारशरीफ में हुई घटना में मृत व्यक्ति के पिता एवं भाई से दूरभाष पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्ति की और घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मृत व्यक्ति के निकटतम परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्ठी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0एस0 सिद्धार्थ तथा अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

******